# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 4004 .....का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर,दिनांक 16/01/2024

नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा अंतर्गत मरम्मत एवं संधारण कार्यो एवं सामग्री प्रदाय करने के लिये आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु इच्छुक संस्थानों से फार्म "सी" एवं फार्म "अ" में स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्रर्ड पोस्ट द्वारा दिनांक 01.02.2024 को अपरान्हः 05.00 बजे तक मुहरबंद मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय हेतु पुराने जल संशोधन संस्थान के इंटेक वेल्स एवं सेटलिंग टैंक्स् में जमी हुई किचड़ ( Silt ) की सफाई करवाने की आवश्यकता। | Rs-04.02 Lacs | Rs-13000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत प्रदत्त क्रयादेश अनुसार |

प्राप्त निविदायें दिनॉक 02.02.2024 को पूर्वान्हः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी किया जावेगा। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 23.01.2024 को सांय 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 24.01.2024 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र (फार्म "ए / सी"), विस्तृत नियम तथा शर्तें एवॅ सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.inएवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) पर अवलोकन किया जा सकता है।

16.1.24

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

पृ0 क्रमांक 4005 .......... का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर, दिनांक 16/01/2024

प्रतिलिपि :–

1 मान0 महापौर / अध्यक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2 मान0 सभापति, ज0प्र0शा0, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. संपादक.................................................दैनिक समाचार पत्र रायपुर / जगदलपुर की ओर संप्रेषित कर लेख है कि, कृपया आपके समाचार पत्र के आगामी अंक में मात्र एक बार **न्युनतम साईज** में प्रकाशित कर इस पत्र की छायाप्रति एवं प्रकाशित समाचार पत्र की 3 प्रतियों सह देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करें ।
6. सूचना फलकः– मुख्य कार्यालय / लोक निर्माण शाखा कार्यालय / जलप्रदाय शाखा कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर में चस्पा हेतु ।
7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. नया रायपुर की ओर संचालनालय के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु अग्रषित।
8 प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु ।
9. श्री सुमित महापात्र, जनसंपर्क, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर शासन के निर्देशानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित करवाये जाने हेतु तीन–तीन प्रतियों में प्रेषित है। समाचार पत्र में प्रकाशन उपरांत प्रकाशित समाचार पत्र की दो–दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे

16.1.24

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## विस्तृत निविदा विज्ञप्ति

निविदा क्रमांक 4004 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर, दिनांक 16/01/2024

### निविदा से संबद्ध कार्यो का विवरण एवं नियम तथा शर्ते

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र स्पीड / रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि / समय | दिनांक 01.02.2024 सायं 05.00 बजे तक |
| 2 | प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि / समय | दिनांक 02.02.2024 अपरान्ह 11.30 बजे |

| क्र. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रुप–01 | **Silt Cleaning work of 02 Nos. of Intake Wells at Old Water Treatment Plant of Vijay Ward, Jagdalpur**<br>**Silt Cleaning work of all Setling Tanks at Old Water Treatment Plant of Vijay Ward, Jagdalpur** | **Rs-04.02 Lacs** | **Rs-13000.00** | **Rs-750.00** | **अनुबंध संपादन उपरांत वर्षभर अनुसार** |

टीप :–

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी किया जावेगा। निर्धारित निविदा प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईड **www.nagarnigamjagdalpur.in**एवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) से निविदा जमा करने के अंतिम तिथि / समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि का एफ. डी. आर. तथा निविदा प्रपत्र शुल्क रू. – 750.00 का डिमांड ड्राप्ट जो की आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो निविदा सह निर्धारित लिफाफा "C" के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. नियम एवं शर्तो का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें ।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम
जगदलपुर

निविदा क्रमांक – ......4004...................... दिनॉक – ..........16/01/2024............................. के लिये

## दर प्रस्ताव

| क्र. | सामग्री का विवरण | मात्रा | प्रस्तावित दर अंकों में | प्रस्तावित दर शब्दों में |
|---|---|---|---|---|
| ग्रुप–01 | **Silt Cleaning work of 02 Nos. of Intake Wells at Old Water Treatment Plant of Vijay Ward, Jagdalpur** | **02 Jobs** | | |
| | **Silt Cleaning work of all Setling Tanks at Old Water Treatment Plant of Vijay Ward, Jagdalpur** | **01 Job** | | |

निविदा क्रमांक – 4004

दिनॉक – 16/01/2024

## " निविदा हेतु नियम तथा शर्ते "

1. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
2. निविदा निरस्त करने, स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने/कार्य की मात्रा कम अथवा अधिक करने/ अनुमानित व्यय की राशि कम अथवा अधिक करने के समस्त अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेंगे।
3. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य रहेगा।
4. प्रस्तावित की जाने वाली दरों में समस्त प्रकार के व्यय/कर सम्मिलित होने चाहिए।
5. धरोहर राशि निविदा में निहित निर्देशानुसार ऑन लाईन जमा की जानी होगी। पूर्व से विभाग में जमा एफ0डी0आर0 अथवा नगद राशि इस निविदा हेतु समायोजित नही की जावेगी।
6. निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की सक्षम स्वीकृति उपरांत रूपये 100.00 मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर अनुबंध संपादित किया जाना होगा। अनुबंध अनुरूप कार्य करने में असफल रहने पर भुगतान देय नही होगा साथ ही विभाग नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। अनुबंधित अवधि में दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि मान्य नही होगी।
7. कार्य पूर्णता उपरांत संतुष्टि होने के बाद ही भुगतान देय होगा।
8. कार्यादेश में दर्शित कार्य पूर्णता हेतु निर्धारित अवधि अंतर्गत कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा प्रपत्र में दिये गये प्रावधान अनुसार कटौति एवं कार्यवाही की जावेगी ।
9. निविदा हेतु छत्तीसगढ़ नियमावली का पालन किया जावेगा।
10. निविदा प्रपत्र एवँ अन्य जानकारियॅा नगर पालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.in से अवलोकित किये जा सकते है।
11. प्रत्येक चल देयक से शासकीय नियमानुसार कटौती की जावेगी।
12. कार्य में आवश्यक उपकरणों का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। कार्य में आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था निविदाकार को स्वयं की जानी होगी।
13. ठेकेदार द्वारा उप अभियंता के निर्देशानुसार कार्य स्थल पर कार्य चलते समय बोर्ड प्रदर्शित करना होगा जिसमें कार्य का नाम, योजना का नाम एवं वर्ष, कार्य की लागत तत्समय निर्धारित मजदूरी की दरें तथा कार्य में लगने वाले सामग्रियों का विवरण, कार्य की लागत, कार्य प्रारम्भ दिनांक एवं कार्य की पूर्ण होने का दिनांक आदि अन्य विवरण का उल्लेख हो।
14. कार्यादेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारंभ कर लिखित रूप से सूचना दी जानी होगी।
15. निगम मद के कार्य का राशि की उपलब्धता अनुसार भुगतान किया जावेगा।
16. उप अभियंता के निर्देशानुसार कार्य की फोटोग्राफी/विडीयोग्राफी कर प्रस्तुत की जानी होगी।
17. चुंकि जमे हुए किचड़ (Silt) का पूर्व से माप किया जाना संभव नहीं है, अतः तकनिकी आधार पर प्राक्कलन तैयार न करते हुए भौतिक अवलोकन के आधार पर कार्य की मात्रा का अनुमान लगा कर व्यय प्राक्कलित किया गया हैं। अतः निविदा में भाग लेने के पूर्व स्थल का भौतिक निरिक्षण कर कार्य कीमात्रा बाबत प्रभारी उप अभियंता से मार्गदर्शन लेने उपरांत ही निविदा में प्रतिस्पर्धा किया जाना उचित होगा।
18. कार्य संपादन के दौरान घटित किसी भी प्रकार की दुर्घटना से विभाग का कोई संबंध नहीं होकर संपुर्ण जवाबदेही स्वयँ निविदाकार की होगी। इस बाबत लिखित प्रमाण पत्र निविदाकार को निविदा सह प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

16.1.2024

**निविदादाता के नाम एवं हस्ताक्षर**

.................................................................

.................................................................

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर